**Title:** Need to formulate a central plan to protect historical town of Dohari Ghat in Ghosi Parliamentary Constituency, U.P. From the erosion caused by the Ghaghra river-Laid.

**श्री बालकृण चौहान (घोसी ):** माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र घोसी के तीन विधान सभा क्षेत्रों क्रमशः सगड़ी जनपद आजमगढ़, घोसी तथा नत्थुपुर जनपद मऊ (उ0प्र0) से होकर बहने वाली "घाघरा" नदी की भीाण बाढ़ की ओर दिलाना चाहता हूं, जिससे उक्त क्षेत्र के निवासियों के जान-माल का काफी नुकसान होता है। पिछले वर्ा 1998 की भीाण बाढ़ में अधिकांश गांव बह गये थे। वर्तमान समय में घाघरा के कटान से घोसी क्षेत्र के अन्तर्गत ऐतिहासिक नगर दोहरी घाट का अस्तित्व खतरे में है।

सगड़ी क्षेत्र के घाघरा किनारे के गांवों को बाढ़ से बचाने के लिए रिंग बांध बनाना तथा घोसी क्षेत्र के अन्तर्गत ऐतिहासिक नगर दोहरीघाट व आसपास के गांवों को कटान से बचाने के लिए ठोकरों का निर्माण और नत्थुपुर क्षेत्र के बाढ़ पीड़ित निवासियों को बाढ़ के समय अस्थायी निवास हेतु मुख्य बांध से लगे हुए प्लेटफार्मों का निर्माण जनहित में अति आवश्यक है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि सगड़ी के हाजीपुर (घुसाा) से हाजीपुर बाजार तक व हाजीपुर से नैनीजोर तक तथा नैनीजोर से इस्माइलपुर तक रिंग बांध बनाने व घोसी क्षेत्र के ऐतिहासिक नगर दोहरीघाट व आसपास के गांवों को कटान से बचाने के लिए ठोकरों का निर्माण तथा नत्थुपुर क्षेत्र के बाढ़ पीड़ितों के अस्थायी निवास हेतु मुख्य बांध से लगे हुए प्लेटफार्मो को बनाने हेतु एक राट्रीय परियोजना बनाने तथा उसे क्रियान्वित करने हेतु आवश्यक कार्यवाही करें।